53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.8°c अधिकतम 29.0°c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:45, सूर्यास्त - 7:03 | वर्ष : 53/अंक : 222 मंगलवार, 12 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, तृतीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिंदगी की रेस में जो आपको दौड़कर नहीं हरा सकते, वो आपको तोड़कर हराने की कोशिश करेंगे।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सपा और लोकतंत्र नदी के दो अलग-अलग छोर हैं, कब से इन लोगों का लोकतंत्र में विश्वास हो गया : योगी



जब धतकर्म करने पर यहाँ जनता नकार दे... तो शोर बढ़ेगा संविधान का..लोकतंत्र का .....

# सो रही सरकार : मुजफ्फरनगर में ही रह रहा आधार बनवाकर नेपाली परिवार

## अब सुरक्षा एजेन्सियां देंगी इस बात का जवाब कि कैसे इतने वर्षों से रह रहा नेपाली परिवार

**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)।** हम तो बिहार, छत्तीसगढ़, केरल, की बातें करते हैं कि वहां घुसपैठिए शरण लिए हुए हैं, मगर न जाने ऐसे कितने घुसपैठिए उत्तर प्रदेश के साथ-साथ नगर में भी मौजूद हैं। बाकायदा भारत का सबसे कीमती पहचान पत्र आधार कार्ड बनवाकर वर्ष 1994 से बेखौफ होकर यह परिवार मुजफ्फरनगर शहर के ही नई मण्डी के मुनीम कॉलोनी में रह रहा है। उक्त मामले की पूरी वीडियो बुलेटिन ने अपने कैमरे में कैप्चर की और उसके बाद उक्त समाचार प्रकाशित किया जा रहा है। वीडियो के दौरान जब मोहन सिंह पुत्र स्व. प्रेम बहादुर के पिता ने 1994 से पहले ही भारत का आधार कार्ड बनवा लिया था। अब यह आधार कार्ड किसकी संस्तुति पर बना, यह जांच करने का काम उत्तर प्रदेश शासन, मुजफ्फरनगर प्रशासन व भारत सरकार का है। फिलहाल मोहन सिंह का आधार कार्ड संख्या 925514365054 सहित समाचार

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर



















### क्या नेपाल में भी मिल सकती है भारत के किसी व्यक्ति को सिर्फ भावनात्मक आधार पर पनाह

**मुजफ्फरनगर।** नई मण्डी के मुनीम कॉलोनी में मिले इस परिवार के बाद आम नागरिक होने के नाते एवं पूर्व सभासद होने के नाते विकल्प जैन ने सवाल खड़ा किया कि क्या भावनाओं के आधार पर हमारे देश में बांग्लादेश, पाकिस्तान आदि देशों के लोगों को रहने की छूट खुलेआम मिल सकती है यदि नहीं तो फिर इतने वर्षों से सुरक्षा एजेंसियां आखिर देश में कर ही क्या रही हैं। बेशक यह परिवार संदिग्ध परिवार नहीं है, मगर किसी दूसरे देश के व्यक्ति का कौन से आधार पर यहां रहने का अधिकार प्राप्त हो गया। अब देखना यह होगा कि खूफिया एजेंसियां इस मामले में आधार कार्ड बनाने वाले इन सब सवालों का क्या जवाब दे पाते हैं।



### कोई भी विदेशी नागरिक नहीं बनवा सकता आधार कार्ड, इस पर सिर्फ भारतीयों का अधिकार

**मुजफ्फरनगर।** किसी भी देश का नागरिक भारत का यूनिक आईडी कार्ड (आधार कार्ड) नहीं बनवा सकता, इस पर पूरी तरह भारतीयों का अधिकार स्थापित है। यहां तक कि हमारे मित्र देशों को भी इसका अधिकार नहीं है। भारत सरकार इसकी अनुमति नहीं देती है। हालांकि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है, बल्कि यह एक पहचान का प्रमाण है।

**बुलेटिन एक्सक्लूसिव**

### आज तक थाने में नहीं मांगा गया हमसे कोई दस्तावेज : मोहन (नेपाली)

**मुजफ्फरनगर।** बुलेटिन द्वारा बनाई गई वीडियो में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया, जिसमें खुद नेपाली युवक मोहन ने इस बात को भी स्वीकार किया कि वह पिछले कई वर्षों से इसी मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र में रहता आ रहा है और मौहल्ला, मार्किट की चौकीदारी का काम करता है और उससे आज तक भी संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ने कोई दस्तावेज नहीं मांगा है। अब ऐसे में सवाल ये भी खड़ा होता है कि चौकीदारी का काम करने वाले नेपाली युवक के पास नेपाल संबंधी कोई कागज है ही नहीं, तो उसके पास आधार कार्ड किन दस्तावेजों के आधार पर यूनिक आईडी कार्ड बनाया गया और आज तक भी सुरक्षा जांच एजेंसियां इससे अनभिज्ञ कैसे हैं। हालांकि, यह मामला न केवल अवैध घुसपैठ की समस्या को उजागर करता है, बल्कि सरकारी पहचान पत्रों को जारी करने वाली एजेंसियों की लापरवाही पर भी सवालिया निशान लगाता है।

### क्या है नेपाल से भारत आकर रहने और काम करने के नियम?

**मुजफ्फरनगर। भारत और नेपाल के बीच 1950 की ₹शांति और मैत्री संधि₹ के कारण, नेपाल के नागरिकों के लिए भारत में रहने और काम करने के नियम बहुत सरल हैं। पहचान पत्र : नेपाल के नागरिकों को भारत में प्रवेश के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि, उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिए कोई सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र (जैसे, नेपाल का नागरिकता प्रमाण पत्र या पासपोर्ट) दिखाना पड़ सकता है। नेपाली नागरिक बिना किसी विशेष अनुमति के भारत में रह सकते हैं और काम कर सकते हैं। उन्हें भारतीय नागरिकों के समान ही लगभग सभी अधिकार प्राप्त हैं, सिवाय कुछ विशिष्ट मामलों के जैसे कि कुछ सरकारी नौकरियों में आरक्षण और वोट देने का अधिकार। यदि कोई नेपाली नागरिक भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहता है, तो उसे भारत के नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत आवेदन करना होगा। इसके लिए कुछ विशिष्ट शर्तें हैं।**

### पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश के इन जिलों में आए नेपालियों के फर्जी आधार कार्ड के मामले

**मुजफ्फरनगर।** भारत में 2020 से लेकर अब तक फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले नेपाली नागरिकों से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। ये मामले मुख्य रूप से भारत-नेपाल सीमा से सटे राज्यों, जैसे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, में केंद्रित हैं।

- **उत्तर प्रदेश के महराजगंज** जिले में वर्ष 2021 में, पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया, जो 10,000 रुपये लेकर नेपाली नागरिकों के फर्जी आधार कार्ड बना रहा था। इस मामले में तीन साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया गया था। ये जालसाज पोस्ट ऑफिस से जुड़े एक सेंटर से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड बनाते थे।
- **गाजियाबाद वर्ष 2022 में,** गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा था जो नेपाल और बांग्लादेश के नागरिकों के फर्जी आधार कार्ड बनाता था। पुलिस का अनुमान था कि यह गिरोह 30,000 से ज्यादा फर्जी आधार कार्ड बना चुका था।
- **फतेहपुर वर्ष 2023 में,** फतेहपुर पुलिस ने एक पूर्व प्रधान को गिरफ्तार किया, जिसने नेपाल के एक मौलाना को फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनाने में मदद की थी। यह मौलाना फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड के सहारे भारतीय नागरिक बनकर रह रहा था।
- **श्रावस्ती वर्ष 2025 में,** श्रावस्ती में पुलिस और एसओजी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने का गोरखधंधा चला रहा था। यह आरोपी उन लोगों के लिए भी फर्जी आधार कार्ड बना रहा था, जिनकी नेपाल और भारत दोनों जगह संपत्ति है।

ये मामले दर्शातें हैं कि भारत-नेपाल सीमा पर फर्जी आधार कार्ड बनाने का धंधा चल रहा है, जिसका उपयोग नेपाली नागरिक भारतीय पहचान प्राप्त करने के लिए करते हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक चिंता का विषय है।

# जनपद में चल रहा नशे का बड़ा कारोबार, 75 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)।** जनपद में बड़े स्तर पर नशे का कारोबार चल रहा है और यह नशा शराब का ही नहीं सूखा नशा है। सूखे नशे में ड्रग्स, स्मैक, चरस, गांजा आदि शामिल हैं और मुजफ्फरनगर में इसका कारोबार खूब फल फूल रहा है। बड़ी बात यह है कि इस कारोबार के पीछे भी अधिकांश उन लोगों का ही हाथ है, जो असामाजिक तत्व जनपद का हर प्रकार से माहौल खराब करने में लगे हुए हैं। कभी यह लोग साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में नम्बर 1 पर तो कभी नशे की तस्करी में संलिप्त है, तो कभी सोने की तस्करी में। अभी हाल ही में तीन असामाजिक तत्व हवाला के 24 लाख रुपये के साथ पकड़े गए थे। सोमवार को फिर एक खुलासा एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें बताया गया कि कसेरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले आरिफ और मुकीम को मंसूरपुर थाना प्रभारी सुभाष बाबू अत्री द्वारा देर रात चैकिंग के दौरान पकड़ लिया गया, जिनसे 272 ग्राम स्मैक बरामद की गयी, जिसकी कीमत लाख दो लाख रुपये नहीं बल्कि 75 लाख रुपए बताई गयी है। पुलिस का ही बताना है कि तस्कर आज से ही नहीं पिछले लम्बे समय से इस स्मैक को बरेली से खरीदते थे और जनपद में विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करते थे। जनपद मुजफ्फरनगर के साथ-साथ शामली में भी आसिफ व मुकीम के द्वारा स्मैक सप्लाई की जाती थी। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों तस्करों का चालान कर दिया है। पुलिस ने बताया कि ये तस्कर स्मैक को मुम्बई, दिल्ली व चंडीगढ़ में भी सप्लाई करते थे।




### मुजफ्फरनगर में ही नशे के कारोबार के हैं कई ठिकाने, साहब उनसे क्यों बन रहे अनजाने

**मुजफ्फरनगर।** नशे का कारोबार हो या कोई और अवैध कारोबार, यूं ही नहीं फलता-फूलता। नशामुक्ति के बड़े-बड़े दावे मुजफ्फरनगर तब साफतौर पर फेल होते दिखाई देते हैं जब सड़कों पर सैकड़ों अबोध बच्चे पन्नियां सूंघते आम आदमी को दिखाई देते हैं। बस प्रशासन की नजर से यह हमेशा नजरअंदाज रहते हैं। उससे भी बड़ी बात यह है कि इन नन्हें बच्चों का जीवन खराब करने वाले मुजफ्फरनगर के ही दर्जनों दुकानदार हैं जो विभिन्न प्रकार के नशे इन नन्हे बच्चों को परोसते हैं और उसके बदले उनसे दो गुनी कीमत वसूलते हैं। न उन्हें शर्म आती और न ही दूसरे के बच्चों का जीवन खराब करने का दर्द उन्हें होता है, क्योंकि जेबों को गर्म करने और पैसों का चट्टा लगाने का नशा एक शानदार जरिया है, जो बिना प्रशासनिक छूट के कहीं नहीं होता। ऐसे में साहब एक बार इन दुकानों का भी गुपचुप तरीके से अवलोकन कराइये, नहीं तो कुछ समय रुकिए बुलेटिन आपको बाकायदा एड्रेस के साथ उपलब्ध कराने वाला है।

# चोटी काटने के बाद छात्र ने किया सुसाइड, परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने जमकर लगाए आरोप

## क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने वाले छात्र के पक्ष में दिया धरना

**बुढ़ाना, 11 अगस्त (बु.)।** समय पर मासिक फीस नहीं मिलने से गुस्साए 2 शिक्षकों व प्रिंसिपल की ज्यादतियों के चलते आत्महत्या करने वाले छात्र भीम के समर्थन में छात्र के स्कूल में आज सोमवार के दिन धरना दिया गया और दोनों शिक्षकों व प्रिंसिपल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गयी। मौके पर पहुंचे बुढ़ाना तहसीलदार ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया। मंगलवार के दिन ठाकुर समाज के लोगों ने डीएम से मिलने की बात भी कही। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाखेड़ा का निवासी इंटरमीडिएट का छात्र भीम पुत्र देवपाल सिंह गांव के पास ही स्थित एक शिक्षण संस्था में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। आरोप है कि उक्त संस्था के 2 शिक्षक उसको मासिक फीस न देने पर प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप यह भी है कि उसके सिर का चोटा काटकर उसके माथे का धार्मिक तिलक भी हटाया गया। इसी से क्षुब्ध होकर उसने 04 दिन पूर्व अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस बात का पता जब कुशवाहा चौबीसी के लोगों को पता लगा, तो उनमें रोष फैल गया और उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज मृतक छात्र भीम के स्कूल में ही धरना प्रदर्शन किया और कहा कि प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल ने फीस न देने पर 12वीं के छात्र भीम को थप्पड़ों से पीटा। हाथ-पैर बांधे और प्रताड़ित कर चोटा काटा, जिससे आहत छात्र भीम ने फाँसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन-लीला समाप्त कर ली, जिसके चलते स्कूल प्रबंधक पूरी घटना की वीडियो स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों से डिलीट कर स्कूल का ताला लगाकर फरार हो गया, जिससे सैकड़ों बच्चों की शिक्षा अधर में लटक गयी। इससे पहले भी स्कूल प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल के चर्चे सामने आ चुके हैं। धरने पर जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष रामनाथ ठाकुर भी पहुंचे और धरने को अपना समर्थन दिया। धरने पर तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र, बीईओ किरण यादव और एसएसआई ललित कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और सभी ग्रामीणों को समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया। उधर ग्रामीणों ने रिपोर्ट दर्ज न होने पर जाम लगाने की चेतावनी देते हुए धरना समाप्त कर मंगलवार को डीएम से मिलने की बात कही। धरने पर कुशवाहा चौबीसी के अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, ठाकुर राकेश नेता बिराल, घासीराम हरियाखेड़ा, ठाकुर लोकेश कुमार, राकेश सिंह, अमित, राधे ठाकुर दुर्गनपुर, अर्जुन राणा, मिट्ठू राणा, गौतम, टिंकू, दुष्यंत और जितेंद्र राणा करणी सेना के मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।



# मातम में बदली राखी की खुशियां, दो सिपाहियों की मौत

**मुजफ्फरनगर/शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव मेघाखेड़ी निवासी अनुज कुमार व भौराकलां थाना क्षेत्र के निवासी सोनू कुमार की अलग-अलग हादसों में मौत। दोनों सिपाहियों के परिवार में मचा कोहराम।

नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव मेघाखेड़ी निवासी अनुज कुमार 2011 बैच के सिपाही थे। वर्तमान में अनुज की तैनाती गाजियाबाद जनपद में डायल-112 पर थी। देर रात गाजियाबाद के भोजपुर थाने में ड्यूटी के दौरान डायल-112 गाड़ी में एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। मौके पर ही सिपाही की मौत हो गयी। जैसे ही हादसे की जानकारी परिवार के लोगों को लगी तो परिवार में कोहराम मच गया। अनुज के दो छोटे बच्चे बेटी आराध्या 12 वर्षीय व बेटा अर्नव 7 वर्षीय व पत्नी सुमन परिवार के साथ ही रहते हैं। वहीं अनुज के पिता जयपाल सिंह किसान हैं। सोमवार की दोपहर जब अनुज का शव गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अनुज को नई मण्डी सीओ राजू कुमार साव, थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने पुलिस टीम के साथ अंतिम सलामी दी। आपको बता दें कि अनुज अपने परिवार में इकलौता बेटा था तथा उसकी बड़ी बहन सोनू की शादी हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर खंड विकास क्षेत्र के अंतर्गत गांव सदरूद्दीन नगर माजरा निवासी हापुड़ थाने पर तैनात कंप्यूटर क्लर्क सोनू की अपने आवास पर जाते समय गाड़ी की ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत हो जाने पर उनकी मौके पर ही दुखद मौत हो गई। सूचना पर हापुड़ पुलिस ने पहुंचकर बामुश्किल गाड़ी से उनके शव को बाहर निकाला। आज उनका दिन में पोस्टमार्टम होकर पुलिस लाइन हापुड़ में सलामी देकर जैसे ही शव उनके पैतृक गांव सदरूद्दीन नगर माजरा में आया, तो गांव में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में सोनू के 04 वर्षीय पुत्र अविनाश व उसके चाचा मोनू ने यूपी पुलिस के जवान सोनू को मुखाग्नि दी। सिसौली के निकटवर्ती गांव सदरूद्दीननगर माजरा निवासी योगेंद्र चौधरी के दो पुत्र बड़े सोनू व छोटे मोनू हैं। सोनू पुलिस में 10 वर्ष पूर्व भर्ती हुए थे। इस समय उनकी तैनाती हापुड़ थाने में बतौर कंप्यूटर क्लर्क थी। गत रात्रि वह थाने से अपना काम निपटाकर अपनी गाड़ी से अपने आवास पर जा रहे थे और रास्ते में उनकी गाड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई और वह गाड़ी में बुरी तरह से फंस गए। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को गैस कटर से काटकर उनके शव को गाड़ी से बाहर निकाला। आज जैसे ही शव गाँव में पहुंचा, तो गांव में गमगीन माहौल में उनका उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनको श्रद्धांजलि देने वालों में बालियान खाप के मुखिया चौधरी नरेश टिकैत, पूर्व मंत्री वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी योगराज सिंह, रालोद नेता योगेंद्र बालियान, भाजपा नेता विवेक बालियान, क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान के पुत्र अनिल बालियान, जिला पंचायत सदस्य विजय बालियान, अंकित बालियान ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतक सोनू की पत्नी व दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। छोटा भाई किसी निजी कंपनी में गाजियाबाद नौकरी करता है।



दुर्घटनाग्रस्त सिपाही सोनू की कार व ट्रॉला



दुर्घटना में कार के अंदर मृतक सिपाही सोनू का शव



क्षतिग्रस्त सिपाही सोनू की कार

### अनुज को रक्षाबंधन पर नहीं मिली थी छुट्टी

**मुजफ्फरनगर।** अनुज के परिवार के लोगों ने बताया कि अनुज ने फोन पर बताया था कि उसे रक्षाबंधन पर छुट्टी नहीं मिली है। इस कारण वह रक्षाबंधन पर घर नहीं आ सकेगा। वह 7 अगस्त को मात्र दो घंटे के लिए अपनी ससुराल बागपत थाना क्षेत्र के गांव किरठल में ससुर की बरसी में शामिल होने गया था। उसके बाद वह वहीं से वापस ड्यूटी पर लौट गया। वहीं सोनू रक्षाबंधन पर अपने घर पर आया था। रक्षाबंधन पर्व मनाने के बाद रविवार को वापस ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में उसकी वैगन आर खडी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गयी।

# बाइक सवार हमलावरों ने युवक पर की फायरिंग

**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांधी कॉलोनी निवासी हरयांशु त्यागी पर उस समय फायरिंग की गयी जब वह थाना सिविल लाइन क्षेत्र मौहल्ला रामपुरी के गेट पर अपने साथी को छोड़ने जा रहा था, तभी उमर व अब्दुल तथा इनके एक अन्य साथी ने मिलकर हरयांशु त्यागी पर गोली चला दी। इतना ही नहीं जब घायल अवस्था में हरयांशु जिला चिकित्सालय पहुंचा तो उसने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उसके सिर पर कट्टे की बट मारी गयी। चार माह पहले किसी बात को लेकर एक लड़के से उसका झगड़ा हुआ था, वह इनके से एक व्यक्ति अब्दुल को जानता है, बाकी दो हमलावरों की जानकारी उसे नहीं है। माना जा रहा है कि पिछले चार माह पहले हुई लड़ाई के चलते ही उक्त हमला उस पर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



कट्टे की बट मारकर घायल किया गया गांधी कॉलोनी निवासी हरयांशु त्यागी

# दिल्ली एनसीआर में दबोचे जाएंगे आवारा कुत्ते, सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के 'आतंक' के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली से लेकर नोएडा-गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में कुत्तों को दबोचने और उन्हें अलग सुरक्षित स्थानों पर रखने का आदेश दिया है। दिल्ली में एमसीडी और एनडीएमसी को आवारा कुत्तों को तुरंत उठाने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा कुत्तों को तुरंत उठाना शुरू करें और उन्हें दूसरे इलाके में भेजें। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई भी संगठन कुत्तों को जबरदस्ती पकड़ने में बाधा डालता है, तो उसे सुप्रीम कोर्ट की ओर से कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इस प्रक्रिया में किसी की भावनाओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फिलहाल आप सभी नियमों को भूल जाइए। हमें सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को पकड़ना होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए कि बच्चे, महिलाएंऔर बुजुर्ग सड़कों पर सुरक्षित रहें और उन्हें रेबीज का खतरा न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें सड़कों को पूरी तरह से आवारा कुत्तों से मुक्त बनाना होगा। हम किसी को भी गोद लेने की अनुमति नहीं देंगे। सड़कों को आवारा कुत्तों से पूरी तरह मुक्त करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल सरकार की सुनवाई होगी और कुत्तों से प्यार करने वालों या किसी अन्य पक्ष के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, एमसीडी और नई दिल्ली नगर निगम को तत्काल कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाने और 8 हफ्तों के अंदर बुनियादी ढांचे के निर्माण की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।



# शाहपुर में नाबालिग हिंदू किशोरी से दूसरे सम्प्रदाय के युवक ने किया दुष्कर्म, अश्लील वीडियो भी बनाई

- **पुलिस द्वारा आरोपी नईम को किया गया गिरफ्तार**
- **आरोपी की मां एवं दो बहनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

**शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक नईम अहमद उसकी मां एवं दो बहनों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक नईम को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पिछले कुछ दिनों पूर्व किशोरी की मां बागपत जनपद के एक गांव में अपने मायके गई हुई थी। घर पर किशोरी व उसकी बहन मौजूद थी। इसी दौरान युवक नईम किशोरी के घर पहुंचा और उसे बहला-फुसलाकर उसे एक नलकूप पर ले गया तथा जहां नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाई। पीड़िता ने इसकी शिकायत नईम के परिजनों से की, तो उसकी मां एवं बहनों ने मारपीट एवं गाली-गलौज करते हुए उसे घर से भगा दिया। पुलिस ने बताया कि किशोरी की मां ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म करने व वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता किशोरी की माँ की तहरीर पर एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। उधर चर्चा है कि महिला अपनी पुत्री के साथ चार युवकों द्वारा दुष्कर्म करने की बात कह रही है। पुलिस ने बताया कि अभी एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी के बयान के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शाहपुर थाना में एक मामला संज्ञान में आया है। लड़की 16 साल की है, दोनों में प्रेम संबंध बताए गए हैं, अपने पड़ोसी से उसके बाद उसे वह ले गया, तो उसका वीडियो बना लिया था, इसके आधार पर एक अभियोग थाना शाहपुर में दर्ज किया गया है। बाकी इसमें जो भी लड़की का बयान होगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जा रही है। मुलजिम जो है, उसको कस्टडी में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है तथा इसमें नियम अनुसार जो भी कार्रवाई होगी, वह सुनिश्चित की जाएगी।

**संजय कुमार वर्मा**
**( एसएसपी - मुजफ्फरनगर )**





# बाढ़ की चपेट में शुकतीर्थ खादर, मायूस लौट रहे श्रद्धालु

**भोपा, 11 अगस्त (बु.)।** शिवालिक पहाड़ी क्षेत्र मे भारी बारिश के चलते गंगा व सोलानी नदी उफान पर है, जिसके चलते पानी किनारों को पार कर चुका है, जिससे क्षेत्र मे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। तीर्थनगरी शुकतीर्थ के खादर मे आई बाढ़ के कारण गांव और फसले जलमग्न हो गई है, जिसके चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है वहीं पशुपालकों के सामने चारे की गंभीर समस्या पैदा हो गई हैं। बाढ़ के पानी के चलते तीर्थनगरी में घाट जलमग्न हो गए हैं, जिससे श्रद्धालु मायूस होकर लौट रहे हैं। शिवालिक की पहाड़ियों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते पूरा खादर क्षेत्र जलमग्न हो गया है। जलभराव के चलते कई गांव में पानी घुस गया है और किसानों की फैसले जलमग्न हो गई है। जलभराव के कारण खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव का सम्पर्क तीर्थनगरी शुकतीर्थ से टूट गया है। सोलानी नदी में भारी मात्रा में जलकुंभी बहकर आ रही है, जिसके चलते शुकतीर्थ को खादर क्षेत्र से जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन द्वारा लगातार जलकुंभी निकलवाने के प्रयास जारी है। इसके बावजूद पानी का दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तीर्थनगरी शुकतीर्थ के घाट पूरी तरह से पानी में डूबे हुए है, जिसके चलते शुकतीर्थ आने वाले श्रद्धालु मायूस हैं। जलभराव के कारण खादर क्षेत्र के गांव इंचावाला, पुरोषोत्तमपुर, भगवतीपुर, रतनपुर,





लुकाधड़ी, हाजीपुर बरामदा, शाहजहांपुर, शिवपुरी, डूंगरपुर, गोवर्धनपुर, सुल्तानपुर आदि गांव का सम्पर्क शुकतीर्थ से टूट गया है। दूसरी और जंगल में किसानों के डेरों में रह रहे परिवार भी बाढ़ मे फंस गये हैं। किसानों ने बताया कि फसलों के ऊपर से पानी गुजर रहा है, जिससे फसल खराब होने की स्थिति में आ गई है। फसलों के खराब हो जाने के बाद आने वाले आर्थिक संकट के बारे में सोचकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। ग्रामीण किसी तरह जलभराव के बीच से गुजरकर अपनी दैनिक जरुरतें पूरी कर रहे हैं। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था और पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया था। दूसरी और प्रशासन और खाईखेड़ी शुगर मिल द्वारा लगाई गयी मशीन जलकुम्भी को निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। अगर भारी बारिश होती है, तो बाढ़ के चलते जनहानि होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

## पलड़ी के शिव मंदिर पहुंचे यशवीर महाराज

**- सनातन धर्म की रक्षा के लिए किया एकजुटता का आह्वान**
**- बघरा पीठ के 23वें स्थापना दिवस में सम्मिलित होने का किया आग्रह**



**शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव पलड़ी के शिव मंदिर में पहुंचे बघरा स्थित यशवीराश्रम व योग साधना केंद्र के पीठाधीश स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्लामी जिहाद फैलाया जा रहा है। तरह-तरह की फंडिंग से जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमें सनातन की रक्षा के लिए जात-पात छोड़कर एकजुट होना होगा। सभी हिंदू समाज के लोग जाति बिरादरी में बंटकर खुद को कमजोर कर रहे हैं, जो बहुत ही घातक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के जिहाद के खिलाफ हमारा अभियान जारी रहेगा। उन्होंने सभी सनातन के लोगों से आह्वान किया कि वह सप्ताह में एक बार सत्संग या किसी भी प्रकार का धार्मिक अनुष्ठान कर उसमें भारी संख्या में शामिल होकर धार्मिक चर्चाओं पर मंथन करने का अभियान शुरू करें। कार्यक्रम में बोलते हुए अचार्य मृगेंद्र ने कहा थूक-मूत्र जिहाद के अलावा तरह-तरह के जिहाद चलाए जा रहे हैं। हमारे समाज के सनातनी हिंदू बहन-बेटियों पर जिहादियों की बुरी नजर है। अपनी बेटियों को इनकी मानसिकता से अवगत कराकर इनसे दूरी बनाकर रखें। जिहादियों का अपने घरों में आना-जाना बंद कर दें। हजारों उदाहरण प्रतिवर्ष ऐसे जिहादियों के हैं, जो घर में आना-जाना शुरू करने के बाद बहन-बेटियों पर बुरी नजर रखते हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बघरा स्थित यशवीराश्रम के 23वें स्थापना दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

## आरोपी का मेडिकल कराने को पुलिस को कराया घंटों इंतजार

**- मेडिकल में हुई देरी के कारण आरोपी वापस लाया गया थाने**

**भोपा, 11 अगस्त (बु.)।** थाने से जेल भेजे गए आरोपियों के मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंची भोपा पुलिस को अस्पताल के कर्मचारियों ने घंटों इंतजार कराया, जिसके बाद पुलिस आरोपियों का मेडिकल कराने जिला अस्पताल पहुंची, लेकिन एक आरोपी का मेडिकल ना हो पाने के कारण उसे न्यायालय में नहीं भेजा जा सका, जिसके बाद भोपा पुलिस आरोपी को वापस थाने लेकर आ गई। मामले को लेकर ग्रामीणों में चर्चा का दौर जारी है। भोपा थाने से किसी भी अपराध में जेल भेजे गए आरोपियों को जेल भेजने से पहले स्वास्थ्य जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाता है, जिसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाता है। सोमवार को भोपा पुलिस ने थानाक्षेत्र के गांव नन्हेड़ा में हुई मारपीट और हमले के दो आरोपियों समेत पांच आरोपियों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर भेजा था। पुलिस आरोपियों को लेकर घंटों स्वास्थ्य परीक्षण करने का इंतजार करती रही, लेकिन स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो पाया, जिसके बाद अस्पताल के कर्मचारियों में आरोपियों को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दे डाली। मामले से सकते में आई भोपा पुलिस आरोपियों को आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंची और स्वास्थ्य परीक्षण शुरू कराया, लेकिन समयावधि पूरी होने के कारण मात्र चार आरोपियों का ही स्वास्थ्य परीक्षण हो सका, जिसके बाद उन्हें तो न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया, लेकिन एक आरोपी भोकरहेड़ी निवासी प्रवेंद्र जिसका किसी मामले में वारंट जारी हुआ था, उसको पुलिस द्वारा बैरंग वापस लेकर थाने लौटना पड़ा।

जैसे ही यह मामला आम हुआ, तो चर्चाओं का दौर जारी हो गया। मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक वार्ड ब्वॉय को जेल भेजे जाने से भी जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं अस्पताल के सूत्रों ने मामले को बिजली उपलब्ध ना होने के कारण स्वास्थ्य जांच ना हो पाना बताया है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा बताया गया कि इससे पूर्व भी हथियार प्रकरण में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भेजे गए दो आरोपियों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो पाने के कारण रिमांड नहीं मिल पाई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किन्हीं कारणों से स्वास्थ्य परीक्षण में हीलहवाली की जा रही है।

## मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के सहयोग से अंगदान जागरण पथ संचलन

**- जनपद की सभी रोटरी क्लब शाखाओं ने की सार्थक पहल - स्कूली बच्चों ने पथ संचलन में किया प्रतिभाग, जगाई अलख**





**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के सहयोग से रविवार को अंगदान जागरण की खातिर रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर एवं खतौली के 17 रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब एवं अलकनंदा ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक पथ संचलन का आयोजन किया गया। लोगों में अंगदान के प्रति जागरूकता लाने की खातिर शुरू हुई रैली के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि राजेश मित्तल, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के अलावा मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉ. अमित कुमार, डॉ. निकुंज अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ सत्पथी एवं डॉ. चिराग जैन रहे। नगर के प्रकाश चौक सर्विस क्लब से अंगदान जागरूकता की रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। नगर के विभिन्न स्कूली बच्चों की ओर से निकाले गए पथ संचलन का मार्ग सर्विसेस क्लब प्रकाश चौक से प्रारम्भ होकर सनातन धर्म सभा भवन निकट झांसी की रानी तक रहा। इस रैली का मुख्य उद्देश्य अंगदान-महादान पर जागरूकता प्रसारित करना था, जिसमें शामिल बच्चे एवं वयस्क अंगदान संबंधित अनेक पोस्टर एवं बैनर के प्रदर्शन के बूते आमजन को अंगदान के प्रति संदेश दे रहे थे। इस बीच मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने अपने सारगर्भित भाषण में कहा कि अंगदान-महादान होता है यह कई प्रकार से किया जा सकता है इनमें नेत्रदान, लिवर, किडनी, पेंक्रियाज और देहदान यह दान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में सभी को निश्चित रूप से इस की शपथ लेनी चाहिए। ऑर्गन कोऑर्डिनेटर डॉ. ईश्वर चंद्रा, डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि आज संपन्न पथ संचलन में 200 से अधिक बैंड, विद्यार्थी, स्काउट-गाइड, दोपहिया वाहन एवं मेडिकल बस ने भाग लिया। इस दौरान जोनल को-ऑर्डिनेटर सुनील अग्रवाल व रीजनल को-ऑर्डिनेटर अनिल सोबती ने अंगदान-महादान के महत्व पर प्रकाश डाला। सनातन धर्म सभा भवन में वक्ताओं ने अंगदान करना क्यों जरुरी है इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉ. अमित कुमार, डॉ. निकुंज अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ सत्पथी, डॉ. चिराग जैन और सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने विषय पर गहनता से विचार व्यक्त किए। बाद में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में अंकित मित्तल, नियम शर्मा, अलित कुमार, रविन्द्र सिंह, प्रशांत जैन, डॉ. ईश्वर चंद्रा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. कमल गुप्ता, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. रजत जिंदल, भाजपा नेत्री ममता सिंह व मुजफ्फरनगर व खतौली रोटरी क्लब के सभी प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी, मैक्स वैशाली, अलकनंदा ब्लड सेन्टर तथा इनर व्हील क्लब का सहयोग रहा।



### आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 12 अगस्त, 2025**

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्पोर्ट्स फॉर स्कूल अभियान के तहत क्रिकेट ट्रायल का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डीसी स्टेट मैनेजमेंट सिस्टम के तत्वावधान में स्पोर्ट्स फॉर स्कूल अभियान के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त स्कूलों के छात्रों के लिये स्कूल प्रीमियर लीग क्रिकेट टी-20 ट्रायल्स 2025 का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में सुशील चौधरी, मंडलीय प्रभारी सपोर्ट फॉर स्कूल उत्तर प्रदेश सरकार, देवेंद्र सिंह सीईओ सपोर्ट फॉर स्कूल, डीपीएस टेक मैनेजमेंट सिस्टम, मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सचिव अनुभव कुमार, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सुधीर सैनी, मनरेगा लोकपाल नीरज शर्मा और वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी भाई गौरव स्वरूप, वरिष्ठ नेता अक्षय शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमोद कुमार, मोहन सैनी, रूप सिंह प्रजापति, प्रतिकांत शर्मा, रविकांत प्रधान और शामली जनपद के सदस्य स्पोर्ट फॉर स्कूल उत्तर प्रदेश सरकार विजेंद्र मलिक, महिला कोच आराध्या सिंह, बागपत से गौरव वर्मा, कोच सहारनपुर जनपद के स्पोर्ट फॉर स्कूल कंट्रोलर, चौधरी राजेश पाल स्पोर्ट फॉर स्कूल के ट्रेनर, एसडी स्पोर्टस एकेडमी के कोच प्रमोद कुमार उपस्थित रहे। क्रिकेट ट्रायल में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने भागीदारी की, जिसमें ब्वॉयज अंडर-14, 17 से 19 और गर्ल्स अंडर-17 व 19 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया। मैदान पर सभी स्कूलों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर अपने-अपने वर्ग की टीमों में स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का साधन हैं, बल्कि यह टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। श्रीमति स्वरूप ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलोगे तो खिलोगे, पढ़ोगे तो बढ़ोगे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वैद्य प्रद्युमन शर्मा, जिला चयन समिति सदस्य, मुजफ्फरनगर ने बताया कि राष्ट्रीय ट्रेनर एवं राष्ट्रीय कोच के नेतृत्व में आयोजित चयन प्रक्रिया में ऐसी प्रतिभाओं को चयनित किया जायेगा, जो जनपद की गौरवशाली टीम का नेतृत्व कर सकें। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी न केवल तकनीकी शिक्षा में, बल्कि खेलों में भी विद्यार्थियों को अवसर और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल और शिक्षा, दोनों ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी हमेशा से खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और छात्रों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

## वैश्य सभा का नामांकन 12 को

**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बुस)।** वैश्य सभा जनपद मुजफ्फर नगर के चुनावी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार 12 अगस्त को अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक वैश्य सभा कार्यालय गुदड़ी बाजार पर नई कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए नामांकन-पत्र दाखिल करने का रहेगा। 13 अगस्त को नामांकन वापसी लिए जा सकेंगे तथा 13 अगस्त को ही अपराह्न शेष वैध नामांकन-पत्रों की सूची जारी कर दी जाएगी। 19 अगस्त को अपराह्न 3 बजे श्री सनातन धर्म सभा भवन में कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव एवम पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। यह जानकारी चुनाव अधिकारी योगेश सिंघल भगत और राकेश कंसल ने दी और कहा कि सभी संबंधित वैश्य बंधु अवश्य उपस्थित होने का कष्ट करें।

## शाहपुर में विकास कार्य होंगे पारदर्शिता के साथ : हाजी अकरम



**शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)।** नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने बताया कि वह नगर के विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। बावजूद इसके कुछ लोग उनकी छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मैं उनके इस कुत्सित प्रयास को सफल नहीं होने दूंगा, क्योंकि मैंने नियम बना रखा है कि नगर में जो भी विकास कार्य होंगे, वह पूरे साफ-सुथरे तरीके से होंगे। जनता का कहीं भी कोई उत्पीड़न नहीं होगा। उनके द्वारा आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर वाटर कूलर के लिए ठेकेदार को लगाया गया है। अति शीघ्र इन स्थानों पर वाटर कूलर चल जाएंगे, जिससे नगर वासियों को स्वच्छ एवं फिल्टर पेयजल की आपूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि यदि कस्बे में किसी व्यक्ति को कोई परेशानी है, तो वह नगर पंचायत कार्यालय अथवा उन्हें फोन करके सूचित कर सकता है, समस्याओं के समाधान को वह हैं, हर समय तैयार हैं। बरसात में जल भराव की समस्या पर उन्होंने कहा कि बरसात में निर्माण कार्य नहीं हो पाते हैं। उन्होंने कस्बे के कई स्थानों का सर्वे किया है। अति शीघ्र पानी की निकासी को लेकर बोर्ड की बैठक में ठोस निर्णय लिया जाएगा और पानी की निकासी का भी उचित प्रबंधन जल्द ही किया जाएगा।

## शाहपुर के ऐतिहासिक गांव शोरम में मंडल स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन



**शाहपुर, 11 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव शोरम में स्थित रघुवंशी आर्चरी एकेडमी में आयोजित मंडल स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ अमर नायक स्वामी राहुल सिंह राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के अध्यक्ष सत्येंद्र बालियान, सपा नेता सत्येंद्र पाल व गांव प्रधान करणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिला तीरंदाजी संघ के जिला अध्यक्ष विपिन बालियान ने बताया कि प्रतियोगिता में मंडल स्तरीय खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें 14 वर्षीय बालक वर्ग में इंडियन राउंड में आर्यन, पुनीत, ध्रुव व अक्षय, रिकर्ब राउंड में उमंग व दिव्यांशु, बालिका वर्ग में अवंतिका, कंपाउंड राउंड में विष्णु बालियान, 17 वर्षीय इंडियन राउंड में आशीष व मयंक, बालिका वर्ग में मानसी, कंपाउंड राउंड में आर्यन रघुवंशी व उदय त्यागी, रिकर्ब राउंड में अभिषेक व देव राठी, 19 वर्षीय इंडियन राउंड में आकाश, कंपाउंड राउंड में राधेश्याम व रिकर्ब राउंड में गौरव का चयन किया गया है। मुख्य अतिथि भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि युवा खेलों के माध्यम से अपना कैरियर बनाकर अपने गांव, क्षेत्र व



जनपद का नाम रोशन करें। वर्तमान में युवा पीढ़ी भटक रही है तथा नशे की ओर बढ़ रही है। समाज के सभी लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों माध्यम से बुराइयों से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के अध्यक्ष सत्येंद्र बालियान ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें। मोबाइल फोन बच्चों का भविष्य खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न खिलाड़ी खेलों के माध्यम से उच्च पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि खेल कोटे से भर्ती सीओ अनुज चौधरी का प्रमोशन होना जनपद व खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन विपिन बालियान व मास्टर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अवसर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, जिला तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष नीरज बालियान, अशोक कुमार, संदीप बालियान, हरिदेव चौधरी, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार, अरुण बालियान, मनोज, राजीव आदि सहित ग्रामीण व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सहारनपुर प्रशिक्षण में जायेंगी जनपद से 110 जनप्रतिनिधि

**▶ ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान और नगरीय निकाय से महिला सभासद करेंगी प्रतिभाग**

**मुजफ्फरनगर, 11 अगस्त (बु.)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से मंगलवार 12 अगस्त को जनपद सहारनपुर में होने वाले प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 110 महिला जन प्रतिनिधियों को जनपद से ले जाने की प्रशासन ने तैयारी की है। इसके लिए तीन जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व दिया गया। इसमें महिला जनप्रतिनिधियों को क्षमता संवर्धन व नेतृत्व कौशल विकास के लिए विशेषज्ञ जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षित करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से होने वाले महिला जनप्रतिनिधियों के इस विशेष प्रशिक्षण में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। महिला आयोग ने 12 अगस्त को सहारनपुर मंडल के तीनों जिलों की महिला जनप्रतिनिधियों के लिए नगर निगम सहारनपुर के जनमंच सभागार में ये प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित किया है। डीएम उमेश मिश्रा ने पंचायती राज विभाग और नगर विकास विभाग के अन्तर्गत निर्वाचित इन महिला जनप्रतिनिधियों को इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराने के लिए 3 नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह को नगरीय निकायों, एडीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार को जिला पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी रेणू श्रीवास्तव को प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। उधर, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पालिका की 23 महिला सभासदों को इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभाग कराने की तैयारी कर ली गई है। पालिका टीम के साथ मंगलवार की सुबह पालिका बोर्ड की महिला सदस्यों को सहारनपुर कार्यक्रम स्थल पर ले जाने की तैयारी है। उधर एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने बताया कि मंगलवार 12 अगस्त को सहारनपुर में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिला जन प्रतिनिधियों के क्षमता संवर्धन एवं नेतृत्व कौशल विकास के लिए वूमेन इन पब्लिक लाइफ विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जनपद से पंचायती राज विभाग और नगर विकास विभाग के अन्तर्गत ब्लॉक प्रमुख, बीडीसी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत व जिला पंचायत सदस्य के साथ नगरीय निकायों में सभासद पदों पर निर्वाचित 110 महिला जन प्रतिनिधियों को प्रतिभाग कराने की तैयारी की है।

## जेलेंस्की ने पीएम मोदी को लगाया फोन

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है. दोनों नेताओं के बीच यह वार्ता ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिनों बाद ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में खास मुलाकात होने वाली है। दोनों नेता इस दौरान रूस यूक्रेन को खत्म करने पर चर्चा कर सकते हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है, 'राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करके और हाल के घटनाक्रमों पर उनके विचार जानकर मुझे खुशी हुई।

मैंने संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर भारत की दृढ़ स्थिति के बारे में उन्हें बताया है। भारत इस संबंध में हर संभव योगदान देने के साथ-साथ यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी और जेंलेस्की पिछले साल न्यूयॉर्क में मिले थे और इस दौरान दोनों के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर चर्चा हुई थी। वहीं जेलेंस्की ने इस मीटिंग के बारे में एक्स पर लिखा, 'भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मेरी लंबी बातचीत हुई। हमने सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय सहयोग और समग्र कूटनीतिक स्थिति, दोनों पर। मैं प्रधानमंत्री का हमारे लोगों के प्रति उनके गर्मजोशी भरे समर्थन के लिए आभारी हूं। मैंने हमारे शहरों और गांवों पर रूसी हमलों और कल जापोरिज्जिया के बस अड्डे पर हुए हमले के बारे में बताया। यहां एक नियमित शहरी सुविधा पर रूस की ओर से जानबूझकर की गई बमबारी में दर्जनों लोग घायल हो गए और यह ऐसे समय में है, जब युद्ध को समाप्त करने की अंततः कूटनीतिक संभावना है। युद्धविराम के लिए तत्परता दिखाने के बजाय, रूस केवल कब्जा और हत्याएं जारी रखने की अपनी इच्छा दिखा रहा है। जेलेंस्की के अनुसार यह महत्वपूर्ण है कि भारत शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और इस स्थिति से सहमत है कि यूक्रेन से जुड़ी हर चीज का फैसला यूक्रेन की भागीदारी से ही लिया जाना चाहिए। अन्य तरीकों से परिणाम नहीं मिलेंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ओमकार गौतम से बदलकर ओमकार शर्मा रख लिया है। अब भविष्य में मुझे ओमकार शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

ओमकार शर्मा
पुत्र स्व0 ब्रजमोहन शर्मा
57, काजियान, अबूपुरा, मुजफ्फरनगर
251001, मो. 9358154955

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 9401, दिनांक 18/08/23 में गलती से माता का नाम अजरा (AZRA)अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम अज़रा बेगम (AZRA BEGUM) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- शौकीन पुत्र शफीक
म.न. 711, गली न0-1, महमूदनगर
मुजफ्फरनगर, मो. 7060015889

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SOFIYA KHAN से बदलकर SOFIA KHAN रख लिया है और अपनी माता का नाम NAHIDA PARVEEN से बदलकर NAHIDA KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम SOFIA KHAN और माता को NAHIDA KHAN के नाम जाना जाये।

Sofia Khan D/o Anwar Khan
923/1, Rampuri, Roorkee Road,
Muzaffarnagar (U.P.)



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

